रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED No.D(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 24, 1976 (माघ 4, 1897)

No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 24, 1976 (MAGHA 4, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 31 दिसम्बर 1975 तक प्रकाशित किए गए हैं:—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 31st December 1975 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
247.	सं० 131-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 19 दिसम्बर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	अप्रैल, 1975—मार्च, 1976 अवधि के लिये पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन)।
	No. 131-ITC (PN)/75, dated the 19th December 1975	Ministry of Commerce	Import Policy for Registered Exporters for the period April 1974—March 1976 (Amendment).
248.	सं० प्रतिअदायगी /पी० एन० 92/75- दिनांक 19 दिसम्बर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना प्रति अदायगी/ पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन।
	No. Drawback/PN-92/75, dated the 19th December, 1975	Ministry of Finance	Amendments in the Tables published in the Public Notice No. Drawback/PN-1, dated the 15th October, 1971.
249.	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-93/75, दिनांक 22 दिसम्बर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० 53/75 में संशोधन।
	No. Drawback/PN-93/75, dated the 22nd December, 1975.	Ministry of Finance	Corrections to Public Notice No. 53/75.
250.	सं० 52-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 22 दिसम्बर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	गैर उगाही वाली, एल्युमिनियम धातु अनगढ़ (सिल्लियों) का निर्यात।
	No. 52-ETC (PN)/75, dated the 22nd December, 1975.	Ministry of Commerce	Export of Non-levy Aluminium Metal unwrought (ingots).

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
251.	सं० 53-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 27 दिसम्बर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि०, नई दिल्ली के माध्यम से आलु के निर्यात की सरणीबद्ध करना।
	No. 53-ETC (PN)/75, dated the 27th December, 1975.	Ministry of Commerce	Canalisation of Export of Potatoes through National Agricultural Co-operative Marketing Federation Ltd., New Delhi.
252.	सं० 54-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 27 दिसम्बर 1975	वाणिज्य मंत्रालय	नाइलान टायर कार्ड का निर्यात।
	No. 54-ETC (PN)/75, dated the 27th December, 1975.	Ministry of Commerce	Export of Nylon Tyre Cord.
253.	सं० 132-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 27 दिसम्बर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	यु० के० /भारत मिश्रित परियोजना अनुदान 1975 के अन्तर्गत यु० के० से आयातों के लिए लाइसेंस शर्तें।
	No. 132-ITC (PN)/75, dated the 27th December, 1975.	Ministry of Commerce	Licensing conditions for imports from U. K. under U. K./India Mixed Project Grant, 1975.
254.	सं० 133-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनांक 29 दिसम्बर, 1975	वाणिज्य मंत्रालय	ई० सी० ग्रेड ऐल्युमीनियम का आयात।
	No. 133-ITC (PN)/75, dated the 29th December, 1975.	Ministry of Commerce	Import of E. C. Grade Aluminium.
255.	सं० प्रति अदायगी/सा० सू० -94/75, दिनांक 31 दिसम्बर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी /पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन।
	No. Drawback/PN-94/75, dated the 31st December, 1975.	Ministry of Finance	Amendments in the Table published in the Public Notice No. Drawback/PN-1 dated the 15th October, 1971.
	सं० प्रति अदायगी/सा० सू० -95/75, दिनांक 31 दिसम्बर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/ पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी संशोधन।
	No. Drawback/PN-95/75, dated the 31st December, 1975.	Ministry of Finance	Amendments in the Table published in the Public Notice No. Drawback/PN-1, dated 15th October, 1971.
	सं० प्रति अदायगी/ पी० एन०-96/75, दिनांक 31 दिसम्बर, 1975	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/ पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन।
	No. Drawback/PN-96/75 dated the 31st December, 1975.	Ministry of Finance	Amendments in the Table published in the Public Notice No. Drawback/PN-1, dated 15th October, 1971.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . 51

भाग I—खंड 2 (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 121

भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1

भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि सेसम्बन्धित अधिसूचनाएं . 77

भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . —

भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . . —

भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी जारी किये गये साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . 185

भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारीयों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 335

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रधिसूचित विधिक नियम और आदेश 7

भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 426

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 73

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं 5

भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधि-सूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . . 891

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 13

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 51

PART I—SECTION 2.—Notification ragarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 121

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence 1

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence 77

PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills .. .. .. —

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. PAGE 185

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 335

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 7

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. 426

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 73

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 5

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 891

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 13

भाग I—खंड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1975

सं० 4-प्रेज/76—राष्ट्रपति निम्नांकित कार्मिकों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता एवं साहस के लिए "नौसेना मडल" /"नैवी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. कमांडर सतपाल सिंह ढिंडसा (00308-जैड) भारतीय नौसेना।

पोर्ट ब्लेयर में आग लगने की सूचना मिलने पर कमांडर सत पाल सिंह ढिंडसा ने पोर्ट ब्लेयर में स्थित सेना की सभी यूनिटों को इकट्ठा किया और नौसेना के कार्मिकों को आग बुझाने के लिए तैयार किया। घटनास्थल पर इन्होंने सब नौ-सैनिकों और थल सैनिकों के प्रयत्नों में तालमेल बनाया और किसी प्रकार का आतंक नहीं फैलने दिया। इन्होंने पानी फैंकने वाली गाड़ियों का संचालन और नियंत्रण करने में पहल की और पानी की नियमित व्यवस्था की। कमांडर ढिंडसा द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आग पर शीघ्र काबू पाने में काफी मदद मिली।

इस कार्रवाई में कमांडर सत पाल सिंह ढिंडसा ने, नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप असाधारण सूझबूझ और व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

2. लैफ्टिनेन्ट कमांडर सुब्रामोनिआ गोपालकृष्णन् (00426-टी) भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर सुब्रामोनिआ गोपालकृष्णन् को 13 अक्तूबर, 1959 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्रदान किया गया और जून, 1963 को उन्होंने बेड़ा वायु सेनांग में प्रेक्षक के रूप में अर्हता प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न उड्डयन यूनिटों में बड़ी कुशलता से काम किया, जिनमें फिक्सड विंग एलीजे स्क्वाड्रन तथा सीकिंग हैलीकोप्टर स्क्वाड्रन शामिल है। उन्होंने 1300 घंटों से अधिक की उड़ानें की हैं। एलीजे में दो वर्ष के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अकेले 584 घंटों की उड़ानें कीं। वे उन कुछ प्रेक्षकों में से थे, जिन्हें 1971 में इंगलैंड की रायल नैवी में सीकिंग पर उड़ानें भरने के प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से चुना गया था। उन्होंने वहां पर अपना प्रशिक्षण भूमि तथा वायु दोनों में ही उच्च स्तरीय और संतोषजनक ढंग से पूर्ण किया और हवाई पनडुब्बी रोधी सामरिकी तथा प्रचालन प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया, जिसका प्रयोग उन्होंने 1971 के भारत-पाक संघर्ष के दौरान अनेक बार सीकिंग पर सांक्रियात्मक उड़ानों के दौरान किया।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर सुब्रामोनिआ गोपालकृष्णन् ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक कुशलता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. लैफ्टिनेन्ट कमांडर अमरजीत सिंह रावत (00473-जैड), भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर अमरजीत सिंह रावत एक उच्चकोटि के अर्हता प्राप्त उड़ान शिक्षक हैं और सीकिंग पर मास्टर ग्रीन इन्स्ट्रुमेंट रेटिंग धारक हैं। स्क्वाड्रन उड़ान शिक्षक के रूप में इन्होंने अप्रैल, 1971 से दिसम्बर, 1971 तक 311 घंटों की उड़ानें कीं जो कि एक महत्वपूर्ण कार्य है। सीकिंग हेलीकोप्टर पर आने के बाद इन्हें हेलीकोप्टर पर नियमित परिवर्तन पाठ्य-क्रम के लिए इन्हें ब्रिटेन भेजा गया और वह इन्होंने असाधारण कुशलता से पूर्ण किया। अगले पाठ्यक्रम के लिए इन्हें प्रशिक्षक के रूप में चुना गया। इनकी व्यावसायिक योग्यता और ज्ञान ने ब्रिटेन में भारतीय नौसेना के सम्मान की अभिवृद्धि की। इन्हें एक नेवल एयर स्कवाड्रन के वरिष्ठ पायलट के रूप में नियुक्त किया गया, वहां इन्होंने दो वर्षों में 586 घंटे की उड़ाने कीं। इन्होंने अब तक कुल 2460 घंटों की उड़ानें भरी हैं।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर अमरजीत सिंह रावत ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक कुशलता तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. लैफ्टिनेन्ट कमांडर इमेनुअल डिएनी चौहान (00480-आर),
भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर इमेनुअल डिएनी चौहान को मई, 1961 में कमीशन प्रदान किया गया था और अक्तूबर, 1966 में इन्होंने प्रेक्षक के रूप में अर्हता प्राप्त की। यह एक उच्चकोटि के विमानक हैं और नौसेना के हवाई सेनांग के वरिष्ठतम 'क्यू० एन० आई०' हैं। इन्होंने 1500 घंटे की उड़ानें की हैं। इन्हें सीकिंग हैलीकोप्टरों से उड़ान करने के प्रशिक्षण के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। वहां इनका काम अति प्रशंसनीय रहा और इन्होंने वहां प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपने व्यावसायिक ज्ञान और कर्त्तव्यपरायण के द्वारा इन्होंने अनेक प्रेक्षकों को सीकिंग पर उड़ान भरने का प्रशिक्षण दिया। नौसेना के हवाई सेनांग में प्रयोग में आने वाले सिद्धांतों के बनाने म इनका निकटतम संबंध रहा है। 1974 में उन्हें पुनः ब्रिटेन में सीकिंग की उड़ानों में भाग लेने के लिए भेजा गया था। इन्होंने यह कार्य प्रशंसनीय व्यावसायिक योग्यता के साथ पूरा किया।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर इमेनुअल डिएनी चौहान ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम पराम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक क्षमता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. लैफ्टिनेन्ट कमांडर (एक्स) (पी) फ्रैंक रिचर्ड क्लार्क
(00544-के),
भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट कमांडर फ्रैंक रिचर्ड क्लार्क को 1 जुलाई, 1964 को कमीशन प्रदान किया गया था। मार्च, 1966 म इन्होंने पायलट के रूप में अर्हता प्राप्त की और एलीजे में यह एक वरिष्ठ पायलट सिद्ध हुए हैं। यह एक अर्हता-प्राप्त उड़ान शिक्षक और इन्स्ट्रूमेंट रेटिंग शिक्षक हैं और वह मास्टर ग्रीन इन्स्ट्रूमेंट रेटिंग के धारक हैं। इन्होंने लगभग 1800 घंटों की उड़ानें की हैं जिनमें 143 दिन और 16 रात की विक्रान्त के डैक पर उतरने की हैं। इन्होंने जुलाई, 1968 से जलाई, 1970 के दौरान 5/42 घंटों से अधिक की उड़ाने कीं। 1971 नें भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान यह पहले पायलट थे जिन्होंने विक्रान्त से कौक्स बाजार पर बमबारी की तथा पूर्वी सैक्टर में एक वाणिज्य जलयान पर बमबारी करके उसे डुबो दिया और जिससे शत्रु की महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था अवरुद्ध हो गई।

लैफ्टिनेंट कमांडर फ्रैंक रिजर्ड क्लार्क ने, इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप उच्चकोटि की व्यावसायिक क्षमता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. लैफ्टिनन्ट विद्यासागर मल्होत्रा (00608-एफ),
भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनेन्ट विद्यासागर मल्होत्रा जुलाई, 1969 में हैलीकोप्टर के बेड़े में शामिल हुए और तदुपरान्त इन्होंने हैलीकोप्टर स्क्वाड्रन में कई उड़ानें कीं। फिर उन्हें रायल नैवी के साथ सीकिंग की उड़ानों के प्रशिक्षण के लिए चुना गया। उन्होंने दिसम्बर, 1971 में सीकिंग स्क्वाड्रन में सक्रिय सेवा की और दिन तथा रात्रि के समय अनेक संक्रियात्मक उड़ानें कीं। संक्रियाओं के दौरान उन्होंने बड़े प्रशंसनीय तथा निष्ठावान ढंग से कार्य किया। 1972 में उन्हें वायुसेना में प्रशिक्षण प्राप्त कर लेने के बाद हलीकोप्टर प्रशिक्षण स्कूल में उड़ान शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। एक वर्ष की अल्प अवधि में ही उन्होंने 300 घंटों से अधिक की उड़ान कीं।

लैफ्टिनेन्ट विद्यासागर मल्होत्रा ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक दक्षता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. लैफ्टिनेन्ट (एस डी ए वी) उन्नीकृष्णन् नायर
(84567-वाई),
भारतीय नौसेना।

लैफ्टिनन्ट उन्नीकृष्णन् नायर को 2 अप्रैल, 1962 को वैमानिक शाखा के हवाई कर्मी संवर्ग के लिए चुना गया था। वे हवाई कर्मी पाठ्यक्रम म प्रथम आए और अगले उड़ान प्रशिक्षण के लिए नौसेना वायु स्क्वाड्रन में सम्मिलित हुए। उन्हें 30 सितम्बर, 1967 को कमीशन प्रदान किया गया। 1965 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान वह एलीजे कार्मिक के रूप में अग्रिम बेस से कार्रवाई करने के लिए विशष रूप से चुने गए। उन्होंन विभिन्न प्रकार के नौसेनिक वायुयानों पर कुल मिलाकर 897.55 घंटों की उड़ानें भरी हैं।

लैफ्टिनेन्ट उन्नीकृष्णन् नायर ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक दक्षता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. 86444 एन्थौनी पनक्कल कुरियाकोज,
मेकैनीशियन इंजन रूम आर्टिफिसर II
भारतीय नौसेना।

एन्थौनी पनक्कल कुरियाकोज एक पनडुब्बी में चीफ इंजन रूम आर्टिफिसर थे। इन्होंने भारी संख्या में पनडुब्बी कार्मिकों को प्रशिक्षण किया। जब इनकी पनडुब्बी अत्यन्त खराब मौसम में काम कर रही थी, तब इन्होंने अकेले ही एक महत्वपूर्ण उपस्कर की सफलता पूर्वक मरम्मत की जिससे इनकी पनडुब्बी अपने निर्धारित कार्य को पूरा कर सकी थी। एक अन्य अवसर पर इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधा का ध्यान किए बिना लगातार 48 घंटे से अधिक कार्य करके एक महत्वपूर्ण उपस्कर को परिचालन योग्य बना दिया था।

मेकैनीशियन इंजन रूम आर्टिफिसर, एन्थौनी पनक्कल कुरियाकोज ने नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक क्षमता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9. 52869 पार्थसारथी रामदुराय,
इंजन रूम आर्टिफिसर III
भारतीय नौसेना।

पार्थसारथी रामदुराय, इंजन रूम आर्टिफिसर III एक नौसेना पोत के चीफ इंजन रूम में आर्टिफिसर थे। इनकी कर्त्तव्यनिष्ठा और व्यावसायिक कुशलता के कारण ही पोत को प्रणोदन और सहायक मशीनरी को काम करने की उत्तम संक्रिय हालत में बनाए रखा जा सका। दो भिन्न अवसरों पर, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना इन्होंने अपने पोत पर लगी आग को काबू में किया। अप्रैल, 1974 में इनके पोत को एक विशेष कार्यभार सौंपा गया था। समुद्र में तूफान के होते हुए अत्यन्त कठिन प्रचालन परिस्थितियों में इन्होंने कार्य को समय में पूरा कर दिखाया।

इंजन रूम आर्टिफिसर, पार्थसारथी रामदुराय ने इस प्रकार नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप व्यावसायिक क्षमता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

10. 52783 बृज मोहन शर्मा,
इंजन रूम आर्टिफिसर III
भारतीय नौसेना।

10 जून, 1974 को जब बृज मोहन शर्मा, इंजन रूम आर्टिफिसर, एक नौसेना पोत के पोर्ट बायलर रूम में कार्य कर रहे थे, एक विस्फोट सुनाई पड़ा और भाप तेजी के साथ निकलती दिखाई दी जिससे सम्पूर्ण बायलर रूम बड़ी तेजी से भर रहा था। जब कुछ समय बाद शोर कम हुआ तब पता चला कि एक ड्रेन काक होल प्लग एक सहायक भाप पाइप से उड़ गया है। बायलर रूम में कार्मिकों के जीवन को खतरे में पड़ा देख बृज मोहन शर्मा ने, जो पोर्ट लैडर के सबसे निकट थे, अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए भाप में से गुजर कर सहायक स्टाप वाल्व की ओर की तीव्रता से भागे और बायलर के ऊपर के वाल्स को बन्द कर दिया और भाप को पुनः नियंत्रण में ले आए।

इस कार्यवाही में इंजन रूम आर्टिफिसर, बृज मोहन शर्मा ने नौसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस, व्यावसायिक दक्षता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. 48304 गुरचरन सिंह ढिल्लो,
रेंगुलेटिंग पैटी अफसर,
भारतीय नौसेना।

22 जनवरी, 1974 को पोर्ट ब्लेयर में आग लग गई जिससे वहां की प्रमुख मंडी, एवरडीन बाजार को भारी क्षति पहुंची। आग के खतरे का संकेत पाते ही रैंगुलेटिंग पैटी अफसर गुरचरण सिंह ढिल्लों, नौसेना कार्यालय में गए और आग बुझाने वाले पहले दल के साथ जाने के लिए अपने आप को प्रस्तुत किया। घटनास्थल पर पहुंच कर इन्हें इमारत के एक भाग को गिराने का कार्य सौंपा गया, ताकि आग को फैलने से रोका जा सके। इनकी सहायता के लिए थोड़े ही नौसैनिक थे, और इनके पास केवल कामचलाऊ उपस्कर ही था। फिर भी, इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना थोड़े ही समय में कार्य पूरा कर दिखाया और इस तरह आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने में सहायता की

इस कार्रवाई में रैंगुलेटिंग पैटी अफसर गुरचरन सिंह ढिल्लों ने नौसेना को उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप बड़े साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

12. 66819 दलीप सिंह तथा,
पैटी अफसर,
भारतीय नौसेना।

22 जनवरी, 1974 को पोर्ट ब्लेयर में आग लग गई जिससे एवरडीन बाजार को भारी क्षति पहुंची। आग का अलार्म सुनकर पेटी अफसर दलीप सिंह चत्था ने जो नौसेना कार्यालय में पहुंचने वाले प्रथम व्यक्तियों में से थे अपने आप को आग बुझाने वाले प्रथम दल के साथ जाने के लिए प्रस्तुत किया। घटनास्थल के निकट ही एक दुकान में भारी संख्या में पेन्ट के ड्रम रखे हुए थे जिनमें तुरन्त आग लगने का खतरा था। पैटी अफसर दलीप सिंह चत्था ने इस खतरे को देखकर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दुकान में ड्रमों को हटवा दिया और इस प्रकार आग को फैलने से रोक दिया।

इस कार्यवाही में, पैटी अफसर दलीप सिंह चत्था ने, नौसेना को उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सं० 5-प्रेज/76—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्तव्यपरायणता और साहस के लिए "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर यशपाल (आई० सी० 14821),
सिख रैजिमैण्ट ।

मेजर यशपाल नागालैण्ड में तैनात एक इन्फैन्ट्री बटालियन की एक कम्पनी के कमांडिंग अफसर थे। इन्हें एक विरोधी को पकड़ने का काम सौंपा गया था जो उसी क्षेत्र में ठहरा हुआ था। इन्होंने छुपाव-स्थान के क्षेत्र का प्रेक्षण करके अपनी कम्पनी को तीन धावा दलों म बांटा और छः पड़ाव डालने की योजना बनायी। ये आशंका होने पर कि विरोधी को इनकी इस कार्रवाई का पता लग गया है मेजर यशपाल ने निर्धारित समय से पहले ही हमला करने का फैसला किया। धावा-दल की तीनों टुकड़ियां आगे बढ़ीं और उन्होंने एक गहरे नाले के पार विरोधियों का छुपाव-स्थान देख लिया। जब धावा दल की एक टुकड़ी नाला पार कर रही थी तो अचानक तीन विरोधी झोंपड़ी से बाहर निकल कर भागे। बायी ओर के सैनिकों ने भागते हुए विरोधियों पर गोली चलायी। उनमें से एक विरोधी, जो घायल हो गया था, बच निकलने के विचार से नाले में कूद पड़ा। मेजर यशपाल एक अन्य जवान के साथ, उस विरोधी पर टूट पड़े और उसे वहीं मार डाला। अन्य विरोधियों को खदेड़ दिया गया।

इस कार्रवाई में मेजर यशपाल ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. मेजर परमानन्द शर्मा (आई० सी०-20654),
इंजीनियर्स ।

मेजर परमानन्द शर्मा को इंजीनियर रैजिमैण्ट के एक कृतिक दल के अफसर-इंचार्ज के रूप में काम करते हुए, एक बहुत ही महत्वपूर्ण काम सौंपा गया। उन्होंने कृतिक दल का नेतृत्व करते हुए बड़े उत्साह, तत्परता एवं धैर्य के साथ काम किया। अपने सतत कठिन परिश्रम और दृढ़-संकल्प से उन्होंने इस काम को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर दिया।

इस प्रकार मेजर परमानन्द शर्मा ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. कैप्टन अरुण कुमार छेत्री (आई० सी०-26333),
गोरखा राइफल्स ।

18 जुलाई, 1974 को कैप्टन अरुण कुमार छेत्री को गोरखा राइफल्स की राइफल कम्पनी का कार्यभार सौंपा गया और उन्हें विरोधियों के शिविर का पता लगाकर उस पर धावा बोलने का आदेश दिया गया। उन्होंने कम्पनी को तीन टुकड़ियों में बांटा और एक टुकड़ी का नेतृत्व स्वयं संभाला। कुछ झोंपड़ियों की तलाशी के बाद उन्होंने एक विरोधी नेता को पकड़ लिया जिसने, पूछताछ किये जाने पर शिविर की स्थिति बता दी। अपनी बाकी कम्पनी के इकट्ठा होने की प्रतीक्षा किये बिना वे, केवल दो अनुभागों के साथ संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ गए। खराब मौसम और कम दिखाई देने के कारण यह काम बड़ा जोखिम भरा हो गया था। 200 गज के फासले से भी विरोधियों का शिविर दिखायी नहीं देता था। उसी समय विरोधियों ने एकाएक गोली-बारी शुरू कर दी। एक सैनिक टुकड़ी अपनी बन्दुकों से गोली चलाते हुए आगे बढ़ी। उधर कैप्टेन छेत्री और उनके अनुभाग ने एक पड़ाव-दल बना लिया ताकि विरोधी बच कर न निकल सकें। इन्होंने भागते हुए एक व्यक्ति पर गोली चला दी जिससे अन्य विरोधियों का हौंसला टूट गया और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अन्ततः सभी विरोधी हथियारों, गोलाबारूद तथा बहु-मूल्य दस्तावेजों सहित जीवित पकड़ लिये गये।

इस कार्रवाई में कैप्टन अरुण कुमार छेत्री ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

4. श्री मोहिन्द्र कुमार सिंघा,
सहायक कमांडेंट,
असम राइफल्स ।

सहायक कमांडेंट मोहिन्द्र कुमार सिंघा जुलाई, 1972 से, चम्पई में, असम राइफल्स की एक बटालियन के "सी" स्कंध की कमान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता, परिश्रमशीलता, धैर्य तथा स्थानीय लोगों के साथ व्यवहार में बड़ी सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने लोगों का विश्वास प्राप्त कर लिया और अनेक कार्रवाइयों का आयोजन करके अपनी कमान के अधीन आने वाले क्षेत्र पर पूरी तरह नियन्त्रण पा लिया। 16 अप्रैल, 1974 को, केवल चार व्यक्तियों को लेकर उन्होंने बड़ी साहसपूर्ण और तुरन्त कार्रवाई करके एक स्टेन मशीन कारबाइन और एक ब्रेटा गन पकड़ ली। 14 मई, 1974 को

उन्होंने एक अन्य कार्रवाई में 303 की दो राइफलें तथा चिलों और दस्तावेजों सहित काफी मात्रा में गोलाबारूद पकड़ा।

सहायक कमांडेंट मोहिन्द्र कुमार सिंघा ने नितान्त साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. श्री उत्तम पडेरा,
सहायक कमांडेंट,
असम राइफल्स।

नागालैण्ड के मोकोक चुंग जिले में संक्रियाओं के दौरान सहायक कमांडेंट उत्तम पडेरा असम राइफल्स के एक कालम की कमान कर रहे थे। जिसे विरोधियों के शिविर का पता लगाकर उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था। वे एक जूनियर कमीशण्ड अफसर तथा 35 जवानों को लेकर, 31 अगस्त, 1973 को संकिया क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने अपने दल को तीन टुकड़ियों में बांटा ताकि तीन ओर से खोज के लिए बढ़ा जा सके और इनमें से एक टुकड़ी अपनी कमान में रखी। विभिन्न खेती झोंपड़ियों तथा आसपास की पहाड़ियों की खोज करते हुए उन्होंने एक खेती झोंपड़ी में दो व्यक्तियों को देखा। ललकारे जाने पर, उनमें से एक ने कूद कर निकल भागने की कोशिश की। उन्होंने उस विरोधी का पीछा किया और एक जवान को गोली चलाने का आदेश दिया। इसका प्रतिरोधक प्रभाव पड़ा और विरोधी ने आत्मसमर्पण कर दिया। पूछताछ करने पर, विरोधी अंततः दल को विरोधियों के दो छुपाव-स्थानों पर ले जाने के लिये तैयार हो गया। इसके परिणाम-स्वरूप, भूमिगत विरोधियों की व्यवस्था के कुछ महत्वपूर्ण व्यक्ति, हथियारों, गोलाबारूद तथा बहुमूल्य दस्तावेजों सहित पकड़ लिये गये।

इस कार्रवाई में सहायक कमांडेंट उत्तम पडेरा ने अनुकरणीय साहस तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया

6. जे० सी० 30479, सूबेदार धर्मपाल,
राजपूताना राइफल्स।

15 अगस्त, 1973 को विरोधियों के एक गिरोह की गति-विधि के बारे में सूचना मिलने पर, सूबेदार धर्मपाल को, विरोरिधयों को पकड़ने के लिए एक दल के नेतृत्व का भार सौंपा गया। घने जंगल में से छः घण्टे पैदल चलकर, यह दल उस स्थान पर पहुंचा जहां से विरोधियों के नदी पार करने की संभावना थी। ये लोग एक दिन तक घात लगाकर बैठे रहे, लेकिन इन्हें विरोधियों का गिरोह दिखाई नहीं दिया। अगले दिन इन्हें सूचना मिली कि विरोधी दल ने नदी किसी और स्थान से पार कर ली है और अब वह एक छुपाव-स्थान में आराम कर रहा है। सूबेदार धर्मपाल ने दूरदर्शिता और सूझबूझ से काम लेते हुए एक पड़ाव-दल को वहीं छोड़ दिया और स्वयं अपनी एक टुकड़ी के साथ बाढ़ग्रस्त नदी को पार कर लिया। विरोधियों को अचानक पकड़ने के उद्देश्य से इन्होंने चुपचाप छुपाव-स्थान की घेराबन्दी कर ली और एक राइफलमैन को अपने साथ लेकर यह रेंगते हुए विरोधियों के संतरी की ओर बढ़े। धावा-दल के अन्य सदस्य भी, हिदायतों के अनुसार आगे बढ़ आये। खतरे की परवाह किये बिना सूबेदार धर्मपाल ने बड़ी फुर्ती से संतरी पर हमला बोलकर उसे काबू में ले लिया। धावादल के दूसरे सदस्यों ने अन्य विरोधियों को घेर लिया। इस बीच एक विरोधी ने जो हथियार से लैस था, पास के एक गहरे नाले में छलांग लगा दी और जी-जान से बच निकलने की कोशिश की। उसका पीछा करते हुए सूबेदार धर्मपाल और उनके पीछे-पीछे दो राइफलमैन भी नाले में कूद पड़े। यद्यपि मूसलाधार वर्षा हो रही थी और जंगल सांपों तथा जोंकों से भरा पड़ा था, फिर भी ये लोग उस जगह की घेराबन्दी करके आधी रात तक उस इलाके को छानते रहे। जैसा कि अनुमान था, सुबह वह विरोधी बाहर निकल और उसने भाग निकलने की कोशिश की। सूबेदार धर्मपाल ने उसे पहले ही देख लिया था और वे रेंगते हुए, बिना किसी के देखे उसकी ओर बढ़ते रहे फिर, एकदम बेधड़क, वे उस पर झपट पड़े और उसे हथियार सहित, पकड़ लिया। इसी के परिणाम स्वरूप अन्ततः चार और विरोधी हथियारों और गोलाबारूद सहित, पकड़ लिये गये।

इस कार्रवाई में सुबेदार धर्मपाल ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरनीय साहस तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7. जे० सी०-25556 सूबेदार मोहिन्दर सिंह,
महार रेजिमेन्ट।

सूबेदार मोहिन्दर सिंह एक इंफैंट्री बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे कुछ विरोधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था। जिनके बारे में सूचना मिली थी कि वे उनके क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। 10 मई, 1974 को इन्होंने अपनी कार्रवाई की योजना बनायी और अपनी प्लाटून को दो खोज दलों में बांट दिया जिनमें से एक दल का नेतृत्व उन्होंने स्वयं संभाला। ये दल रात के अंधेरे में चल पड़े और खोज शुरू कर दी। सात घण्टे के बाद, इनके दल के एक अगुआ स्काउट ने एक झोंपड़ी देखी जिसमें तीन विरोधी थे। सूबेदार मोहिन्दर सिंह तीन अन्य जवानों को साथ लेकर, विरोधियों के भाग निकलने के एक मात्र रास्ते को रोकने के लिये तुरन्त चल पड़े। दल के बाकी सदस्य इन लोगों को फायर कवर देने के लिये वहीं रुक गये। थोड़ी ही देर में विरोधियों ने इनकी दिशा में गोलीबारी शुरू कर दी। सूबेदार मोहिन्दर सिंह झोंपड़ी की ओर भागे और लगभग 17 फुट ऊंची एक सीधी कटान पर पहुंच गये जिसके नीचे वह झोंपड़ी थी। अपनी जान की परवाह किये बिना इन्होंने रणनाद किया और दो भागते हुए विरोधियों पर कूद पड़े। तीसरा विरोधी इनकी ओर गोली चला रहा था। सूबेदार मोहिन्दर सिंह ने, अपने एक साथी से, जो उनके साथ-साथ ही कूद पड़ा था गोली चलाने तथा भाग रहे विरोधी को पकड़ लेने के लिये कहा। अन्य दो विरोधी हतोत्साह हो गये और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। तीसरे विरोधी को भी जीवित पकड़ लिया गया। इसके अलावा बड़ी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद तथा बहुमूल्य दस्तावेज भी पकड़े गये।

इस कार्यवाही में सूबदार मोहिन्दर सिंह ने, अनुकरणीय साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. जे० सी०-44542 सूबेदार योगेश्वर प्रसाद,
इंजीनियर्स।

एक इंजीनियर रैजिमेण्ट के कृतिक दल के उप कमान अफसर के रूप में काम करते हुए, सूबेदार योगेश्वर प्रसाद को एक बहुत ही महत्वपूर्ण काम सौंपा गया। इन्होंने बड़े उत्साह, धैर्य और दृढ़ता

के साथ इस कृतिक दल का स्वयं मार्गदर्शन किया। अपने सतत कठिन परिश्रम, सूझबूझ तथा परिश्रमशीलता से इन्होंने इस काम को निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर दिया।

सूबेदार योगेश्वर प्रसाद ने आद्योपान्त, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप, साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9. जे० सी०-71505 नायब सूबेदार गुरदास राम,
महार रेजिमेण्ट।

नायब सूबेदार गुरदास राम नागालैण्ड में एक इन्फैन्ट्री बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे विरोधियों के छुपाव-स्थानों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने का काम सौंपा गया था। इन्होंने अपनी प्लाटून को दलों में बांट कर खोज की योजना बनायी। 8 मई, 1974 को, खोज के दौरान, अगुआ स्काउट ने एक खेती-झोंपड़ी में दो आदमियों को देखा। नायब सूबेदार गुरदास राम आगे की ओर दौड़े और उसी समय इन्होंने उन व्यक्तियों को भागते हुए देखा, जिससे इस बात की पुष्टि हो गयी कि वे विरोधी ही हैं। उन्होंने अपने जवानों से, उनमें से एक का पीछा करने के लिये कहा और स्वयं वे दूसरे की ओर भागे। पहाड़ी से नीचे की ओर पीछा करते हुए, नायब सूबेदार लगभग 25 फुट नीचे एक ऊंची चट्टान पर आ पहुंचे। खतरे की परवाह किये बिना वे वहां से कूद पड़े और विरोधी का पीछा करते रहे। जब दोनों के बीच का फासला लगभग 30 गज ही रह गया और नायब सूबेदार गुरदास राम उसे साफ देख सकते थे, तब संदिग्ध व्यक्ति पर हिप पोजीशन से स्टेन गन चलाई। विरोधी निष्प्राण होकर गिर पड़ा।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार गुरदास राम ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप, अनुकरणीय साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

10. जे० सी० 61939 नायब सूबेदार बिन्धोज लिम्बू,
असम राइफल्स।

28 अप्रैल, 1974 को सूचना मिली कि, हथियारों से लैस, कुछ विरोधी मिजोरम के माइते नामक गांव के इलाके में छिपे हुए हैं। नायब सूबेदार बिन्धोज लिम्बू ने तुरन्त दो टुकड़ियां इकट्ठी कीं और उस इलाके की ओर चल दिये। सत्रह मील पैदल चल कर वे उस गांव में पहुंचे और वहां छानबीन शुरू कर दी। यद्यपि, इनके पास बहुत कम जवान थे, फिर भी, इन्होंने बाहर निकलने के रास्ते बन्द कर दिये और किसी को भी भागने नहीं दिया। बड़े धैर्य और दृढ़ता से काम करते हुए, इन्होंने ग्रामवासियों से हथियारों के बारे में सुराग पा ही लिया और अन्ततः 2 मई, 1974 को वहां से कुछ हथियार बरामद करने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार बिन्धोज लिम्बू ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप, अनुकरणीय साहस, दृढ़ संकल्प तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. 9092571 बटालियन हवलदार मेजर ओंकार सिंह,
जम्मू और कश्मीर मिलिशिया।

11 जून, 1973 को जम्मू और काश्मीर मिलिशिया की एक बटालियन को पिम्पल जो हमारी एक पिकेट से आगे एक प्रभावशाली स्थान है, के सामने से पाकिस्तानी सुरंगों को हटाने का आदेश दिया गया ताकि उस उथले भाग पर प्रेक्षण चौकी स्थापित की जा सके। लेकिन इस काम के लिए यूनिट के पास कोई इंजीनियर नहीं थे। बटालियन हवलदार मेजर ओंकार सिंह जिन्होंने फील्ड इंजीनियरी का कोर्स किया हुआ था, इस काम को करने के लिये आगे आए और दो जवानों के साथ इस काम में जुट गये। शत्रु से होने वाले अन्देशों की परवाह न करते हुए हवलदार मेजर ओंकार सिंह और उनके जवानों ने न केवल सुरंगों का सारा ढेर वहां से साफ किया, बल्कि वहां एक प्रेक्षण चौकी भी स्थापित कर ली। इस प्रक्रिया में सुरंग फट जाने से इनका एक जवान आहत हो गया। इन्होंने अपनी पगड़ी को फाड़कर उस जवान के पट्टी बांधी और उसे अपनी पीठ पर लादकर सुरक्षित स्थान पर ले आये। यह काम पूरा हो जाने पर, इन्होंने और दूसरे जवान ने अपना ध्यान पिम्पल के बायें प्रेक्षण पर केन्द्रित किया क्योंकि वहां भी शत्रु ने सुरंगें बिछा रखी थीं। ये और सारे क्षेत्र से सुरंगें साफ करने में सफल हुए।

इस कार्रवाई में बटालियन हवलदार मेजर ओंकार सिंह ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

12. 3345206 हवलदार बलदेव सिंह,
सिख रेजिमेण्ट।

11 जुलाई, 1974 को इस बात की सूचना मिलने पर कि नागालैण्ड के एक इलाके में एक विरोधी नेता ठहरा हुआ है, उस इलाके पर छापा मारने की योजना बनायी गयी। उस विरोधी नेता को पकड़ने के लिये संगठित दल की अगुआ टुकड़ी की कमान हवलदार बलदेव सिंह के हाथ में थी। दल को तीन टुकड़ियों में बांटा गया और वे दुर्गम और घुमावदार रास्तों को तय करते हुए, विरोधी नेता के ठहराव-स्थान की ओर बढ़े। लेकिन तभी एक आदमी को शिविर से निकल कर भागते देखा गया। दल के कमाण्डर ने उस व्यक्ति पर गोली चलायी। हवलदार बलदेव सिंह ने अपनी जान की कतई परवाह न करते हुए उस पर हमला किया और उसे मार डाला।

इस कार्रवाई में हवलदार बलदेवसिंह ने थलसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13. 3350507 हवलदार निरंजन सिंह,
सिख रैजिमैण्ट।

20 जून, 1971 को हाई आल्टीट्यूट वारफेयर स्कूल में यह सूचना मिली कि सैनिकों को ले जाती हुई एक गाड़ी जोजिला के निकट खड़ी चट्टान परसे नीचे एक खाई में गिर गई है। हाई आल्टीट्यूट वारफेयर स्कूल के एक अफसर तथा 8 इन्स्ट्रक्टरों का एक बचाव-दल तत्काल ही दुर्घटना स्थल की ओर रवाना हो गया। खराब मौसम, बरफीली हवाओं और आगे कम दिखाई देने के बावजूद बचाव-दल उस समय दुर्घटना-स्थल पर पहुंचा, जब कि चारों ओर घनघोर अंधेरा छा गया था। उन्हें बताया गया कि नीचे केवल एक ही व्यक्ति जीवित है। इस दल ने उस व्यक्ति को बचाने के लिए हर संभव उपाय करने का निर्णय किया। घायल व्यक्ति के

पास पहुंचने के लिए सबसे जल्दी पहुंचने का रास्ता परपाती क्षेत्र और खतरनाक मलबे से भरे क्षेत्र के ऊपर से 500 फुट से अधिक की सीधी ढलान से होकर था।

हवलदार निरंजन सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए नीचे जाने के लिये अपने आप को अर्पित किया। एक रस्सा डाला गया और वे बड़े साहस के साथ उस रस्से के सहारे सीधे ढलान पर से नीचे उतरने लगे। घायल व्यक्ति के पास पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उस व्यक्ति की जीवन रक्षा तुरन्त होनी चाहिए क्योंकि उसकी हालत तेजी से बिगड़ती जा रही थी। ऊपर से पत्थरों के आ गिरने के निरन्तर खतरे के बावजूद उन्होंने 15 मिनट के अन्दर उस घायल को स्ट्रेचर पर बांध दिया। स्ट्रेचर के साथ दो रस्सियां बांध दी गई और उसके बाद सबसे खतरनाक कार्य शुरु हुआ। बहुत धीरे-धीरे स्ट्रेचर को ऊपर की ओर उठाया गया। वे स्ट्रेचर को आखरी ढाल तक ले आए। जहां से स्ट्रेचर 90 डिग्री सीधी एक पुश्ता-दीवार पर से खींचना था। आधे रास्ते में स्ट्रेचर फंस गया। हवलदार निरंजन सिंह रेंगकर स्ट्रेचर के पास पहुंच गए और उन्होंने भारी व्यक्तिगत खतरा उठाते हुए रस्सी को दांतों में फंसा कर स्ट्रेचर को छुड़ा लिया। अगली प्रातः मृतकों को उठाने के खतरनाक काम में भाग लेने के लिए वे पुनः वहां पहुंच गए।

इस कार्रवाई में हवलदार निरंजन सिंह ने थलसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्तव्यपरायणता परिचय दिया।

14. 2853685 नायक माधो सिंह
राजपूताना राइफल्स।

16 अक्तूबर, 1973 की रात्रि को इन्फैन्ट्री बटालियन की एक टुकड़ी को विरोधियों के एक शिविर पर आक्रमण करने का काम सौंपा गया था। नायक माधो सिंह इस दल के सदस्य थे और इसकी एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। पहाड़ी इलाके में 12 घन्टे तक चलने के पश्चात् वे विरोधियों के क्षेत्र में जा पहुंचे। दल के कमांडर ने सैनिकों को चार टुकड़ियों में बांट दिया और दो टुकड़ियों के एक साथ आक्रमण करने की योजना बनायी। नायक माधो सिंह आक्रमण करने वाली एक टुकड़ी के साथ थे। विरोधियों के शिविर तक का आखिरी 500 गज का फासला घनी झाड़ियों से भरा हुआ सीधी चढ़ाई का था। नायक माधो सिंह छुपाव स्थान के पास पहुंच गए। पलक भरते ही वे संतरी पर झपट पड़े और उसकी राइफल छीन कर उसे अपने काबू में ले लिया। इसी बीच अन्य विरोधी हथियार और गोला बारूद बीछे छोड़ कर शिविर से भाग निकले।

इस कार्रवाई में नायक माधो सिंह ने थलसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस तथा असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. 1423474 नायक कुवंर पाल सिंह
इंजीनियर्स।

एक इंजीनियर रेजिमेंट में कार्य करते हुए नायक कुवंर पाल सिंह को एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था। इन्होंने स्वयं कृन्तिक दल का नेतत्व किया और निरंतर उत्साह, धैर्य एवं दृढ़ता से काम किया। दृढ़ निश्चय, सूझबूझ तथा उत्साह के साथ इन्होंने निर्धारित समय के अन्दर अपना काम पूरा कर दिखाया।

इस कार्रवाई में नायक कुवंर पाल सिंह ने थलसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

16. 9204792 नायक अमरजीत सिंह,
महार रेजिमेंट।

नायक अमरजीत सिंह इन्फैन्ट्री बटालियन की उस घात लगाने वाली टुकड़ी के सदस्य थे जिसे फैक जिले में योराबम्मी के पश्चिमी क्षेत्र में 2 सितम्बर, 1974 को शुरू की गई संक्रिया के दौरान विरोधियों के बाहर निकलने के सम्भावित मार्ग को रोकने का काम सौंपा गया था। जब विरोधियों की ओर से इस दल पर स्वचालित हथियारों से जोरदार गोली-बारी की जा रही थी, नायक अमरजीत सिंह ने, जो उस समय नेतृत्व कर रहे थे अपनी स्टेनगन से विरोधियों पर तत्काल धावा कर दिया। इस आक्रमण से घबरा कर विरोधी जंगल की ओर भाग खड़े हुए। नायक अमरजीत सिंह जब उस स्थान के निकट थे जहां से विरोधी गोली-बारी कर रहे थे तो उन पर बायीं ओर से गोली चलाई गई। इससे विचलित हुए बिना उन्होंने अपनी स्टेनगन से विरोधियों पर पुनः धावा बोल दिया। इस सामयिक और साहसपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप एक विरोधी को हथियार और गोला-बारूद के सहित पकड़ लिया गया।

इस कार्रवाई में नायक अमरजीत सिंह ने थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस और असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

17. 131812 नायक खिम खोलेट कुकी।
असम राइफल्स।

लांगचिंग ग्राम के निकट कुछ विरोधियों के उपस्थित होने की सूचना मिलने पर असम राफल्स की एक टुकड़ी को विरोधियों के छुपे स्थान को खोजने और उस पर धावा बोलने का काम सौंपा गया था। यह टुकड़ी 8 सितम्बर 1973 को अपनी चौकी से चली और सूर्योदय से पूर्व चांगलांग के अहाते में पहुंच गई। विरोधियों की सही स्थिति के बारे में मालूम नहीं था लेकिन ऐसा शक हुआ कि वे एक खेती झोंपड़ी में छुपे हुए हैं। दल को तीन टुकड़ियों में बांट दिया गया। दो टुकड़ियों के मुख्य दल को पहाड़ी से नीचे उतरते हुए विरोधियों का पता लगाना था। नायक खिम खोलेट कुकी इन टुकड़ियों में से एक का नेतृत्व कर रहे थे। यह देखा गया कि नीचे पहाड़ी की ढलान पर बनी खेती झोंपड़ियों में से धुंआ निकल रहा था। थोड़ी देर में तीन विरोधियों को झोपड़ी में से निकल कर नीचे पहाड़ी की ओर भागते हुए देखा गया। नायक कुकी ने उनको देख लिया और उनको ठहरने तथा आत्म-समर्पण करने के लिए

आवाज दी। इस पर विरोधियों ने मुड़कर गोली चलाई और नीचे की तरफ दौड़ पड़े। नायक कुकी ने अपनी टुकड़ी को विरोधियों का पीछा करते के लिए प्रेरित किया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने पीछा करने का नेतृत्व किया और अपनी स्टेनगन से एक भागते हुए विरोधी को मार गिराया। टुकड़ी की इस सफल कार्रवाई से भूमिगत कुख्यात नेता तथा दो अन्य विरोधियों का अन्त हो गया और तीन हथियार तथा कई गोलियां बरामद हुई।

इस कार्रवाई में नायक खिम खोलेट कुकी ने थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप साहस तथा असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

18. 142096 लांस नायक महावीर प्रसाद,
असम राइफल्स।

20 जुलाई, 1973 को असम राइफल्स के एक जूनियर कमीशंड आफिसर के नेतृत्व में 15 सैनिकों के एक विशेष गश्ती दल को नागालैंड के फ्रैंक ग्राम में धन एकत्र करने और जबरदस्ती भर्ती करने में लगे कुछ विरोधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था। लांस नायक महावीर प्रसाद जो एक अगुआ दल का नेतृत्व कर रहे थे, विरोधियों की गतिविधियों को रोकने के लिए अपनी चौकी से चल पड़े। जब यह दल उस मकान की सीमा में पहुंचा, जहां कि विरोधी छुपे हुए थे तो उन पर गोली चलाई गई। लांस नायक महावीर प्रसाद ने, विरोधियों के अधिक संख्या में होने की चिन्ता न करते हुए, जवाब में तत्काल गोलियां चलाई। दृढ़ निश्चय और बड़े धैर्य से इन्होंने उस मकान पर धावा बोल दिया। हिप पोजीशन से गोली चलाते हुए इन्होंने दो विरोधियों को मार गिराया और अन्य दो को घायल कर दिया। हालांकि उन्हें स्वयं भी बाजू और जांघ में गोलियां लगीं। उन्होंने विरोधियों के गिरोह को अकेले ही काबू में कर लिया।

इस कार्रवाई में लांस नायक महावीर प्रसाद ने, थलसेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

19. 5838180 राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री,
गोरखा राफल्स।

राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री एक गश्ती दल के सदस्य थे जिसे नागालैण्ड के घने जंगल में स्थित विरोधियों के एक शिविर पर छापा मारने का काम सौंपा गया था। शिविर की रक्षा एक सशस्त्र संतरी कर रहा था। इन्हें दल के अग्रिम गुप्तचर के रूप में चुना गया था जिसे छुपाव स्थान की रखवाली कर रहे सन्तरी को समाप्त करने के लिए नियुक्त किया गया था। यह काम जोखिम से भरा था और घने जंगल में सीधी ढलान पर बनी केवल एक ही पगडंडी से रेंगते हुए चलना था। वे अपनी टुकड़ी को बहुत सावधानी से उस स्थान तक ले गए। एकाएक उनका संतरी से सामना हो गया। जिसने चट्टान के पीछे से गोली चलाने के लिए राइफल तान ली थी। वे तुरन्त संतरी पर झपट पड़े और साथ ही गोली चला दी। संतरी तो मारा गया लेकिन शिविर से दूसरे विरोधियों ने भारी गोली-बारी शुरू कर दी। इन्होंने विचलित हुए बिना अपने दल के साथ धावा बोल दिया और विरोधियों के शिविर में भारी घबराहट पैदा कर दी। इस कार्रवाई में कई विरोधी मारे गए और भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद तथा अन्य सामान बरामद हुआ।

इस कार्रवाई में राइफलमैन दिल बहादुर छेत्री ने, थल सेना की उच्चतम पराम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. 4045669 राइफलमैन शिव सिंह नेगी,
गढ़वाल राइफल्स।

26 अप्रैल, 1974 को राइफलमैन शिव सिंह नेगी को पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर थल सेना और सीमा सुरक्षा दल की एक संयुक्त गश्ती टुकड़ी में नियुक्त किया गया था। जब वह दल अपनी एक चौकी की ओर बढ़ रहा था तो शत्रु ने हल्की मशीनगन और मशीनगन से गोलियां चला दीं जिसमें गश्ती दल का नेता, सीमा सुरक्षा दल का एक उप-निरीक्षक, गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस प्रकार असमर्थ होकर वे दुश्मन की गोली-बारी के नीचे गिरकर फंसे रह गये जबकि बाकी गश्ती दल रेंगकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया। राइफलमैन शिव सिंह नेगी ने जब दल के नेता के जीवन को संकट में देखा तो वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वापस उनके पास पहुंचे और उन्हें अपनी पीठ पर उठा कर रेंगते हुए उस स्थान तक ले आये जहां हमारे शेष सैनिक मोर्चा लगाए बैठे थे।

इस कार्रवाई में राइफलमैन शिव सिंह नेगी ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप असाधारण साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. 142001 राइफलमैन पुख बहादुर,
असम राइफल्स।

राइफलमैन पुख बहादुर असम राइफल्स के एक गश्तीदल में हल्की मशीनगन के नम्बर एक के रूप में नियुक्त थे। जिसे नागालैण्ड की एक चौकी पर तैनात किया गया था। 22 जून, 1973 को विरोधियों के एक गिरोह को उस क्षेत्र में घूमते देखा गया। स्थिति का सही जायजा लेकर गश्ती दल के नेता ने अपनी लाइट मशीन गन टुकड़ी को आदेश दिया कि वे गश्ती दल को हुए वे विरोधियों पर हमला करने के लिए अपनी गोली से ओट दें। यह बात विरोधियों की नजर में आ गयी और उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से गोली बारी शुरू कर दी। दल को कोई नुकसान न होने पाए इस-लिए राइफलमैन पुख बहादुर ने लाइट मशीन गन टुकड़ी को विरोधियों पर टूट पड़ने का आदेश दिया और स्वयं फायर करने में पहल की। इस बुद कदम से विरोधियों के हौंसले टूट गए और उन्हें मजबूर हो कर भागना पड़ा। राइफलमैन पुख बहादुर ने पहाड़ी के नीचे तक उनका पीछा किया। इस दौरान एक विरोधी मारा गया और दूसरा घायल हुआ

जिसकी पीछे मृत्यु हो गयी । बाद में यह पता चला कि इस घटना में दो और विरोधी भी घायल हुए थे ।

इस कार्रवाई में राइफलमैन पुख बहादुर ने असाधारण साहस तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

22. 150697 राइफलमैन खरका बहादुर छेत्री.
असम राइफल्स ।

18/19 अप्रैल, 1973 की रात्रि को राइफलमैन खरका बहादुर छेत्री नागालैण्ड में एक गश्ती दल के अगुआ के रूप में काम कर रहे थे । इस दल को विरोधियों के एक छुपाव स्थान का पता लगाने तथा उस पर धावा बोलने का कार्य सौंपा गया था । राइफलमैन छेत्री गश्ती दल को संदिग्ध स्थान पर एक दुर्गम रास्ते से ले गये ताकि विरोधियों के मन्तरियों की उनपर नजर न पड़े । इन्होंने शेष सैनिकों के आने की प्रतीक्षा नहीं की और दल के नेता तथा चार अन्य सैनिकों के साथ छुपाव स्थान पर तुरन्त धावा बोल दिया । इनकी इस तत्कालिक कार्रवाई से विरोधी आश्चर्यचकित रह गए और वे अन्धेरे में जंगल की ओर भाग गए। राइफलमैन छेत्री के इस साहसपूर्ण कार्य से हथियार और गोलाबारूद का काफी बड़ा भण्डार हाथ लगा ।

इस कार्रवाई में राइफलमैन खरका बहादुर छेत्री ने असाधारण साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

23. 1450792 सैपर जगतार सिंह,
61 इंजीनियर रेजिमेंट ।

एक इंजीनियर रजिमेंट के साथ रहते हुए सैपर जगतार सिंह को एक बहुत महत्वपूर्ण काम सौंपा गया था । इन्होंने लगातार उत्साह, धैर्य और दृढ़ता से काम किया । इन्होंने बराबर कर्त्तव्य निष्ठा, सूझबूझ और मेहनत से कार्य किया और निर्धारित समय के अन्दर ही काम पूरा करने में सफल हुए ।

इस प्रकार सैपर जगतार सिंह ने थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप बड़े साहस तथा असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

24. 13818555 सिपाही (ड्राइवर) केसवन बाला कृष्णन,
आर्मी सर्विस कोर । (मरणोपरान्त)

सिपाही (ड्राइवर) केसवन बाला कृष्णन आर्मी सर्विस कोर कम्पनी के एक ड्राइवर थे । सर्दियों के लिए सामान जुटाने तथा गुरेज क्षेत्र में सैनिकों को ले जाने के लिए इन्हें विशेष रूप से चुना गया था । 7 अक्तूबर, 1973 को वे अपनी गाड़ी में सैनिक सामान तथा सह-ड्राइवर की सीट पर सीमा सुरक्षा दल के एक हैड कांस्टेबल को लेकर चले । सीमा सुरक्षा दल के 4 कार्मिक भी गाड़ी में सफर कर रहे थे । एक मोड़ से गाड़ी निकालते समय गाड़ी का स्टीयरिंग जाम हो गया और गाड़ी सड़क से कुछ हट गई। सिपाही बाला कृष्णन ने ब्रेक लगाए लेकिन बर्फ गिरने के कारण जमीन में फिसलन आ गई थी, अतः गाड़ी गहरे नाले की ओर नीचे खिसकती गई । विकट खतरे को भांपते हुए उन्होंने अन्य लोगों को कूद जाने के लिए कहा और स्वयं गाड़ी को संभालने और बचाने के लिए भरसक प्रयत्न करते रहे । समय पर सावधान कर देने के कारण मुसाफिर तुरन्त बाहर कूद गए । शीघ्र ही गाड़ी नीचे ढलान की ओर फिसलती गई और सीधी नाले में जा गिरी । सिपाही बाला कृष्णन को गहरी चोट लगी जिनके कारण बाद में अस्पताल में उनकी मत्यु हो गई। इस तरह उन्होंने सीमा सुरक्षा दल के 5 सह-यात्रियों की जान बचाई और अपनी जान बचाने की गर्ज से गाड़ी को नहीं छोड़ा ।

सिपाही केसवन बाला कृष्णन ने, थल सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अनुकरणीय साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

कृ० बालचन्द्रन,
राष्ट्रपति के सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 8 जनवरी 1976

सं० यू०-13019/7 (i) /75-ए० एन० एल० —भारत सरकार के गृह मंत्रालय की तारीख 3 सितम्बर, 1974 की अधिसूचना संख्या यू०-13019/9 (iii)/74-ए० एन० एल० में आगे और आशोधन करते हुये, राष्ट्रपति यह निदेश देते है कि उक्त अधिसूचना में आने वाले अंक और शब्द "2 सितम्बर, 1975", की जगह, जिन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय की दिनांक 2 सितम्बर, 1975 की अधिसूचना संख्या यू०-13019 /7 (i) / 75-ए० एन० एल० द्वारा आशोधित करते हुये "31 दिसम्बर, 1975" किया गया था, अब "31 मार्च, 1976" पढ़े जायेंगे ।

सं० यू०-13019/7/(ii)/75-ए० एन० एल० —भारत सरकार के गृह मंत्रालय की तारीख 3 सितम्बर, 1974 की अधिसूचना संख्या यू०-13019/9 (iv)/74-ए० एन० एल० में आगे और आशोधन करते हुये, राष्ट्रपति यह निदेश देते हैं कि उक्त अधिसूचना में आने वाले अंक और शब्द "2 सितम्बर, 1975" की जगह, जिन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय की दिनांक 2 सितम्बर, 1975 की अधिसूचना संख्या यू०-13019/7 (ii)/-75-ए० एन० एल० द्वारा, आशोधित करते हुये, "31 दिसम्बर, 1975" किया गया था, अब "31 मार्च, 1976" पढ़े जायेंगे ।

कैलाश प्रकाश, उप सचिव

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1975

संकल्प

सं० जे०-11011/8/72-पी० पी० डी०—तेल मूल्य समिति के गठन के सम्बन्ध में पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 16 मार्च, 1974 के संकल्प संख्या जे० 11011/8/72 के पैरा 5 (II) का आंशिक संशोधन करते हुए एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं :

"श्री एन० कृष्णन, विशेषकार्य अधिकारी खान विभाग नई दिल्ली" के लिए "श्री एन० कृष्णन, सेवा निवृत्त मुख्य लागत लेखा अधिकारी, वित्त मंत्रालय व्यय विभाग नई दिल्ली" पढ़े

2. यह 1-4-1975 से लागू होगा ।

एम० रामस्वामी, संयुक्त सचिव

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

(अकाल)

सं० 15-2/74-एस० आर० 2—भारतीय लोक अकाल न्यास के प्रशासन के नियमों के नियम 7 के अन्तर्गत बनाए गए उप-नियम 7 के उपबन्धों के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार भारतीय लोक अकाल न्यास की 1 जुलाई, 1973 से 30 जून, 1974 तथा 1 जुलाई, 1974 से 30 जून, 1975 तक की अवधि की प्राप्तियों, भुगतान और परिसम्पत्ति का लेखा-परीक्षित लेखा, प्रकाशित करती है :

अनुसूची 1

30-6-1974 की अवधि की समाप्ति पर भारतीय लोक अकाल न्यास के लेखा के ब्यौरों का विवरण ।

1.	कोषाध्यक्ष, धर्मस्व धनराशि, पश्चिम बंगाल के अधिकारी में सरकारी जमानत में धर्मस्व धनराशि (एण्डोमेण्ट फण्ड)	32,78,400.00 रुपये
2.	स्टेट बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली के पास अल्पावधि पूंजी—निवेश	50,000.00 रुपये
3.	30-6-74 को स्टेट बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली के पास चालू खाते में नकद धनराशि	1,48,677.05 रुपये
	योग	34,77,077.05 रुपये

जांच करने पर सही पाया गया

ह० 22-8-74

(पी० एच० जैन)
महालेखाकार केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली ।

ह० 13-8-74

(पी० पी० गंगाधरन)
अवैतनिक सचिव

अनुसूची 2

भारतीय लोक अकाल न्यास

1-7-73 से 30-6-74 तक की अवधि की प्राप्तियों तथा भुगतान के लेखे का सार ।

1.	अथ शेष		1.	अनुदान की अदायगी :—	
	(चालू खाता)	70,452.40 रु०		(क) असम	15,000 रु०
	(नियतावधि जमा)	50,000.00 रु०		(ख) उड़ीसा	10,000 रु०
		1,20,452.40 रु०			25,000 रु०
2.	32,78,400 रु० की धर्मस्व धनराशि (एण्डोमेंट फण्ड) पर ब्याज 98,352 रु० कोषाध्यक्ष, धर्मस्व धनराशि, पश्चिम बंगाल द्वारा स्रोत पर वसूल किये गये शुल्क को निकालकर	983.52 रु०	2.	एस० ए० एस० लेखाकार को मानदेय	600 रु०
3.	खर्च न हुई रापिस की जाने वाली शेष राशि	1,094.25 रु०	3.	इतिशेष :—	
		97,368.48 रु०			

4. स्टेट बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली के पास अल्पावधि जमा राशि पर ब्याज	2,361.92 रु०	(क) स्टेट बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली के पास अल्पावधि जमा .	50,000.00 रु०
	2,24,277.05 रु०	(ख) बैंक में नकद जमा	1,48 677.05 रु०
			1,98 677.05 रु०
		योग	2,24,277.05 रु०

जांच करने पर सही पाया गया
ह०/ (पी० एन० जैन) 22-8-74
महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली ।

ह० / (पी० पी० गंगाधरन)
13-8-74
अवैतनिक सचिव

अनुसूची 1

दिनांक 30-6-75 को समाप्त होने वाली अवधि के अन्त में भारतीय लोक अकाल न्यास के लेखा के ब्यौरे का विवरण

1. कोषाध्यक्ष धर्मस्व, सम्पत्ति, पश्चिम बंगाल के अधिकार में सरकारी जमानत में धर्मस्व धनराशि (एण्डोमेंट फण्ड)	32,78,400.00 रु०
2. दिनांक 30-6-75 को स्टेट बैंक आफ इंडिया के पास चालू खाते में नकद धनराशि . . .	1,23,839.06 रु०
योग .	34,02,239.06 रुपये

जांच करने पर सही पाया गया
ह०/
महालेखाकार केन्द्रीय राजस्व
नई दिल्ली

ह०/ 29-7-75
(पी० पी० गंगाधरन)
अवैतनिक सचिव

अनुसूची-2

भारतीय लोक अकाल न्यास

1-7-74 से 30-6-75 तक की अवधि के दौरान प्राप्ति तथा भुगतान के लेखा का सार

1. ग्रथ शेष				1. नीचे लिखी सरकारों को अनुदान की अदायगी	
चालू खाता .	1,48,677.05 रु०			(1) पश्चिम बंगाल	25,000.00 रु०
निक्षतावधि जमा .	50,000.00 रु०			(2) मध्य प्रदेश	25,000.00 रु०
	1,98,677.05 रु०			(3) उत्तर प्रदेश	25,000.00 रु०
2. 32,78,400 रु० की धर्मस्व धनराशि (एण्डोमेंट फण्ड) पर ब्याज 98,352.00 रु०				(4) राजस्थान	25,000.00 रु०
				(5) गुजरात	25,000.00 रु०
				(6) असम	25,000.00 रु०
कोषाध्यक्ष, धर्मस्व धनराशि, पश्चिम बंगाल द्वारा स्रोत पर वसूल किये गये शुल्क को निकालकर . .	983.52 रु०	97,368.48 रु०		(7) उड़ीसा	25,000.00 रु०
					1,75,000.00 रु०

3. खर्च न हुई वापिस की जाने वाली शेष धनराशि	229.40 रु०	2. एस० ए० एस० लेखाकारों को मानदेय	175.00 रु०
4. स्टेट बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली के पास अल्पावधि जमा राशि पर ब्याज	2,739.13 रु०	3. इति शेष (बैंक में जमा राशि)	1,23,839.06 रु०
	2,99,014·06 रु०		2,99,014.06 रु०

जांच करने पर सही पाया गया

ह०/
महालेखाकार केन्द्रीय राजस्व
नई दिल्ली

ह०/ 29-7-75
पी० पी० गंगाधरन
अवैतनिक सचिव

चन्द्र प्रकाश, उप-सचिव

ऊर्जा मंत्रालय

(कोयला विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 जनवरी, 1976

संकल्प

सं० 55011/31/75-पी० आई० आर०—भारत सरकार ने राष्ट्रीकृत कोयला खानों की सुरक्षा के समुचे प्रश्न पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने का निश्चय किया है । इसमें निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे :—

1. श्री एस० बी० लाल, संयुक्त सचिव, ऊर्जा मंत्रालय, (कोयला विभाग) — अध्यक्ष
2. श्री एस० दास गुप्त महासचिव, भारतीय राष्ट्रीय खान मजदूर संघ — सदस्य
3. श्री चतुरानन मिश्र, अखिल भारतीय ट्रेड युनियन कांग्रेस, की बिहार राज्य समिति । — ,,
4. श्री डी० बंदयोपाध्याय, संयुक्त सचिव, श्रम मंत्रालय — ,,
5. लेफ्टिनेण्ट जनरल के० एस० ग्रेवाल, अध्यक्ष, कोल इण्डिया लिमिटेड — ,,
6. श्री एच० बी० घोष, प्रबंध-निदेशक, केन्द्रीय खान आयोजन व डिजाइन संस्थान । — ,,
7. श्री आर० एन० शर्मा, उपाध्यक्ष/ प्रबंधक-निदेशक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड । — ,,
8. श्री सी० बलराम, प्रबंध-निदेशक, पश्चिमी कोयला क्षेत्र लि० । — ,,
9. श्री बी० एल० बडेरा, प्रबंध निदेशक, सेन्ट्रल कोल फील्डस लि० । — ,,
10. श्री रमैयाजी वर्मा, प्रबंध-निदेशक, ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि० । — सदस्य
11. श्री बी० एन० रमन, अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशक, सिंगरैनी कोलियरीज, कं० लि० । — ,,
